# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मण्डलायुक्त श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में आज मंगलवार को मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम मण्डल के चारों जनपदों में होने वाली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों की समीक्षा की गयी। मण्डल आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रतिमाह एक बैठक सम्पन्न करायी जाए। परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा हेलमेट, सीटबेल्ट, मोबाइल फोन/ईयर फोन का प्रयोग, गलत दिशा में वाहन चलाना, नशे की हालात में वाहन चलाना, ओवर स्पीडिंग, स्टंटिंग के विरूद्ध की गयी प्रवर्तन कार्यवाही की तुलनात्मक समीक्षा की गयी। मथुरा और मैनपुरी में नशे ही हालात में वाहन चलाने वालों और स्टंटिंग के विरूद्ध बहुत कम संख्या में हुए चालान को लेकर आईजी आगरा जोन श्री दीपक कुमार जी ने पुलिस व परिवहन विभाग को प्रभावी रूप से प्रवर्तन कार्यवाही के निर्देश दिए। टोल प्लाजा से होकर गुजरने वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर अवगत कराया गया कि अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक 6827 वाहनों के खिलाफ चालान किए गये हैं एवं 2400 वाहनों को बंद किया गया तथा 13.18 करोड़ रूपये प्रशमन शुल्क वसूला गया। आयुक्त महोदय ने अधिकांश टोल प्लाजा से ओवरलोड वाहनों का डाटा नहीं आने पर नाराजगी व्यक्त की। सभी टोल प्लाजा पर वे इन मोशन ब्रिज स्थापित करने तथा सही डाटा भेजने हेतु निर्देशित किया। आगरा सम्भाग के चारों जनपदों में डम्पिंग यार्ड की जमीन उपलब्ध कराये जाने हेतु जिलाधिकारियों को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। विभिन्न अपराधों में निलम्बन किए गये लाइसेंस प्रकरणों के बारे में अवगत कराया कि परिवहन विभाग द्वारा आगरा में 137, फिरोजाबाद में 111, मैनपुरी में 306 और मथुरा में 174 लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की गयी है। वहीं पुलिस विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किए जाने पर आईजी महोदय द्वारा बैठक में मौजूद पुलिस व ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को मा0 सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुपालन में विभिन्न अपराधों में लाइसेंस निलम्बन की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गये। आइटीएमएस स्थापित शहरों पर इलैक्ट्रॉनिक प्रवर्तन युक्तियों द्वारा कृत कार्यवाही की समीक्षा में आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि प्राप्त इमेजस की संख्या और कृत चालानों की संख्या में अंतर कम करें एवं मॉनीटरिंग कर सही से डाटा प्रस्तुत किया जाए। वहीं ऐसे उल्लघंनकर्ता



जिनका चालान पुलिस विभाग द्वारा नहीं किया गया है, उनका डाटा परिवहन विभाग को तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये ताकि उनकी शीघ्र ही निस्तारण कराया जा सके। स्कूल बस के विरुद्ध कार्रवाई का विवरण प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया कि आगरा मंडल में पंजीकृत स्कूल वाहनों का निरीक्षण किया गया जिसमें मानक के विरुद्ध 371 बसों का चालान किया गया जबकि 56 बसों का पंजीयन निरस्त कर बंद किया गया।

निर्देश दिए गए अवशेष सभी बसों के फिटनेस की जांच की जाए। सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु एनएचएआई एवं एक्सप्रेसवे प्राधिकरण द्वारा लगातार पैट्रोलिंग की जाए। मण्डल के सभी टोल प्लाजाओं पर एंबुलेंस मय प्रशिक्षित स्टॉफ और क्रेन उपलब्ध रहे। जनपदीय आकस्मिक मेडिकल एक्शन प्लान के तहत चारों जनपदों के अस्पतालों में तैयारी, बेड, मानव संशाधन और उपकरण की पर्याप्त उपलब्धता रहे तथा समय-समय पर मॉनीटरिंग की जाए। गुड सेमेरिटन योजना के प्रोत्साहन हेतु समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाए। हिट एंड रन दुर्घटना केस को लेकर आयुक्त महोदय ने कहा कि इसमें मृतकों व घायलों मिलने वाले मुआवजा योजना के प्रति लोगों को जानकारी का अभाव है। इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए। वहीं दुर्घटना सत्यापित हो जाने के बाद पीड़ित को इसका मुआवजा मिल सके इसके लिए प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। वहीं हिट एंड रन दुर्घटना के शिकार ऐसे लोग जो बाहरी जिले के हैं, उन्हें भी आसानी से कैसे मुआवजा मिल सकता है इसके लिए बैठक में मौजूद इंश्योरेंस प्रतिनिधि से एक प्रारूप बनाकर सम्भागीय परिवहन अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र (ब्लैक स्पॉट) को स्थानीय स्तर पर अधिकारी द्वारा चिन्हित किया जाए तथा सड़क स्वामित्व वाले विभाग द्वारा इंजीनियरिंग की कमियों को दूर किया जाए। मथुरा जनपद में छटीकरा कट पर एनएचएआई को अतिक्रमण हटाया जाए। मण्डल के चारों जनपदों में कुल दुर्घटनाओं की संख्या एवं आईरैड एप फीड की गयी दुर्घटनाओं की संख्या के डाटा में अन्तर समाप्त किए जाने के निर्देश दिए गये। एक्सप्रेसवे पर एवं किनारे शराब की दुकानें, अवैध पार्किंग, अवैध ढ़ाबे हटाये जाने के निर्देश दिए गये।

वहीं शहर में नाबालिग द्वारा ई-रिक्शा संचालन के प्रतिबन्धित करने के संबंध में कहा कि इस पर पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया जाए और ई रिक्शे को हम व्यवस्थित रूप से शहर में किस तरह से संचालन करा सकते है, इसकी प्रक्रिया तैयार की जाए।

# महाराष्ट्र सरकार के सदन और उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में एक ही दिन शिवाजी महाराज स्मारक की योजना पर लगी मुहर

**कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय पिछले 6 वर्ष से शिवाजी स्मारक के लिए कर रहे थे प्रयास, आगरा आगमन पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को योगेंद्र उपाध्याय ने बताई थी कोठी मीना बाजार की महत्ता, उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट बैठक में भी संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय ने दी स्वीकृति**

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मीना बाजार कोठी आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज का स्मारक बनाने की योजना में उस समय पंख लगे जब संयोग से एक ही दिन (10.03.2025) को एक और महाराष्ट्र विधानसभा सदन में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस द्वारा आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज का स्मारक बनाने की घोषणा की गयी, वहीं दूसरी ओर इत्तेफाक से उसी समय योगी कैबिनेट में कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम द्वारा विभागीय प्रस्तुतीकरण करते समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मीना बाजार की कोठी पर शिवाजी महाराज का स्मारक बनाने की प्रक्रिया हेतु निर्देशित करने का अनुरोध किया गया। उसी समय योगी आदित्यनाथ ने भी मुकेश मेश्राम को तदनुसार कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। यह एक संयोग ही था कि एक ही दिन में महाराष्ट्र के सदन में वहां के मुख्यमंत्री घोषणा कर रहे थे तो दूसरी ओर उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मीटिंग में कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र



उपाध्याय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से उसी कार्य के लिए अनुरोध कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों शिवाजी महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर लाल किले, आगरा में शिवाजी महाराज के नाटक के मंचन के अवसर पर देवेन्द्र फडणवीस को आगरा आमंत्रित किया गया था। तब उपाध्याय ने उनको अवगत कराते हुए यह बताया था कि आगरा में उनके द्वारा किये गये शोध से यह स्पष्ट हो गया है कि शिवाजी को औरंगजेब ने जयपुर रियासत के तत्कालीन महाराजा मिर्जाराजा जयसिंह के पुत्र राम सिंह की कोठी में नजरबंद किया गया था, जो आज कल मीना बाजार की कोठी के नाम से जानी जाती है। यह भी सर्वविदित है कि छत्रपति शिवाजी ने जिस शौर्य, साहस, बुद्धिचातुर्य, कार्य योजना बनाने की अदभुत क्षमता और उसे कियान्वयन कर ले जाने की विलक्षण प्रतिभा का परिचय देते हुए औरंगजेब की जेल तोड़कर निकल गये थे, वह इतिहास का अविस्मरणीय पृष्ठ है। इसी पृष्ठ को चिरजीवी बनाने के लिए, जिससे की आने वाली पीढ़ियां प्रेरित हो सके, मीना बाजार की कोठी को अधिगृहीत कर वहां पर शिवाजी महाराज की स्मृति में एक भव्य स्मारक बनाने की योजना है। यह स्मारक जहां एक ओर आने वाली पीढी को प्रेरित करेगा वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र से उत्तर प्रदेश को आत्मीय रूप से जोड़कर राष्ट्रीय एकात्मता का एक प्रतीक स्तम्भ भी बनेगा। इस योजना को कार्य रूप देने के लिए स्थानीय विधायक और उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय विगत 5-6 वर्षों से जुटे हुए थे जिसको 10 मार्च को महाराष्ट्र विधान सभा के सदन एवं योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट मीटिंग ने पंख लगा दिये हैं।

# माचिस न देने पर हुई थी इंजीनियर की हत्या: पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा, मुख्य आरोपी फरार



पकड़े गए दोनों आरोपित



मृतक छात्र सिद्धांत गोविंदम का फाइल फोटो

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** सिकंदरा क्षेत्र के जेसीबी मैदान में रविवार की रात इंडिया न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मैच देख रहे बीटेक स्टूडेंट की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। बीटेक स्टूडेंट की हत्या माचिस न देने को लेकर की गई थी। पुलिस ने हत्या में शामिल तीन आरोपियों में से दो को पकड़ लिया है। एक आरोपी अभी भी फरार है। वहीं दूसरी तरफ हत्याकांड से पूरा परिवार बुरी तरह टूट गया है। सिद्धांत इकलौता था। मां का कोरोना में देहांत हो गया था। आवास विकास कालोनी सेक्टर सात निवासी 24 वर्षीय सिद्धांत गोविंदम ने इंजीनियरिंग की थी। एनसीआर की एक साफ्टवेयर कंपनी में उनकी प्रोग्रामर की नौकरी लग गई थी। होली के बाद वह चले जाते। अभी घर से ही कंपनी का काम कर रहे थे। रात को चैंपियन ट्राफी में भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मैच था। सिद्धांत अपने दोस्त सिद्धार्थ, शशांक व शुभम गुप्ता के साथ शास्त्रीपुरम के जेसीबी मैदान गए थे। वहां चारों दोस्त पार्टी करते हुए मोबाइल पर मैच देख रहे थे। मैदान में पहले से एक गुट और मौजूद था। जिसमें दो चचेरे भाई दिलीप व कन्हैया निवासी दहतोरा और अभिषेक निवासी कलवारी बोदला मौजूद थे।

### माचिस को लेकर हुआ था विवाद

पुलिस के अनुसार रात करीब नौ बजे मैच देखने के दौरान वहां पर पहले से तीन युवक मौजूद थे। जिसमें दो चचेरे भाई दिलीप व कन्हैया निवासी दहतोरा और अभिषेक निवासी कलवारी बोदला मौजूद थे। वो भी पार्टी कर रहे थे। उनमें से अभिषेक ने सिद्धांत व उसके दोस्तों से माचिस मांगी। सिद्धांत व उसके दोस्तों ने माचिस देने से मना कर दिया। इस पर तकरार के साथ गाली गलौज हो गई। चारों दोस्तों ने अभिषेक को पकड़ लिया। उसके साथ मारपीट कर दी। अभिषेक के दोनों दोस्त कन्हैया व दिलीप आ गए। कन्हैया ने वहां पर पड़ी बीयर की बोतल उठाकर सिद्धांत के मार दी। इसके बाद उसे बेल्ट और डंडों से पीटा।

### अभिषेक ने मारा चाकू

अभिषेक के पास पहले से चाकू रखा था। उसने गुस्से में चाकू निकालकर सिद्धांत के पेट में चाकू से वार कर दिया। अभिषेक जब खून से लथपथ हो गया तो तीनों आरोपी वहां से भाग निकले। इसके बाद सिद्धांत के दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी। अस्पताल ले जाने पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दो आरोपी गिरफ्तार

हत्याकांड के बाद एसीपी हरीपर्वत आदित्य कुमार व सिकंदरा पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी हरीपवर्त आदित्य के नेतृत्व में तीन टीमों ने रातभर छानबीन की। सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सर्विलांस से सुराग जुटाए। पुलिस छानबीन करते हुए दहतोरा तक पहुंची। फुटेज के आधार पर एक युवक को हिरासत में लिया। उससे पूछताछ में खुलासा हुआ कि हत्या रंगाबाजी में हुई थी। पुलिस ने कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए दो आरोपी दिलीप और कन्हैया को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने पूरी कहानी बता दी। मुख्य आरोपी अभिषेक अभी फरार है पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### बेटे की हत्या से टूट गए

सिद्धांत के पिता अनिल गोविंदम आढ़त व्यापारी के मैनेजर हैं। कोरोना काल में पत्नी की मौत हो गई थी। सिद्धांत की हत्या की जानकारी उसकी बहन को सोमवार की दोपहर तक नहीं दी थी। उसे यह बताया था कि भाई को चोट लगी है। इलाज चल रहा है। पिता रिश्तेदारों के सामने फूट फूटकर रो रहे थे। यही बोल रहे थे न जाने ईश्वर ये दिन क्यों दिखा रहा है।

### गमगीमन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

हत्याकांड से पूरा परिवार बुरी तरह टूट गया है। सिद्धांत इकलौता था। मां का कोरोना में देहांत हो गया था। गमगीन माहौल में सोमवार शाम को सिद्धांत का अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

# हिन्दू महासभा और पुलिस परिवार कल्याण संघ के संयुक्त तत्वावधान में 13 मार्च को दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन

**1861 ब्रिटिश हुकूमत के काले कानूनों को समाप्त करने की करेंगे मांग**






सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा/नई दिल्ली।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी और पुलिस विभाग एवं पुलिस परिवार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नन्द किशोर पटवा के संयुक्त नेतृत्व में 13 मार्च को दोपहर दो बजे जंतर पर प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनकारी अपनी मांगों का ज्ञापन प्रधानमंत्री को सौंपेंगे। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि जंतर मंतर पर होने वाले प्रदर्शन में हिन्दू महासभा और पुलिस परिवार कल्याण संघ 1861 के ब्रिटिशकालीन काले कानूनों को समाप्त करने और वर्तमान परिप्रेक्ष्य पर आधारित नए एवं सार्थक कानून लागू करने की मांग करेगा। इसके अलावा प्रदर्शनकारी देश भर में पुलिस के आठ घंटे काम करने की समय सीमा निर्धारित करने, पुलिस को साप्ताहिक अवकाश प्रदान करने, पुलिस आयोग का गठन करने, पुलिस को 18 रुपए प्रतिमाह साइकिल भत्ता के स्थान पर 6000 रुपए पेट्रोल भत्ता देने और पुलिसकर्मियों को पूरे देश में एक समान न्यूनतम वेतन 50 हजार रुपए देने की मांग भी की जाएगी। प्रदर्शनकारी हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी मांगों का ज्ञापन देकर मांगों की अनदेखी करने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी देंगे। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह ने कहा कि पुलिस कर्मियों के हित में उपरोक्त मांगों पर दशकों से समय समय पर आंदोलन अभियान चलाए जाते रहे हैं, किंतु मांगों पर कभी किसी भी सरकार ने गंभीरता से संज्ञान नहीं लिया। हिन्दू महासभा और पुलिस परिवार कल्याण संघ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन देकर पुलिस हित में सार्थक निर्णय लेने का आह्वान करेगी। हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजू पार्चा ने कहा कि प्रदर्शन को सफल बनाने की तैयारियों आरंभ हो चुकी है। सभी प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अपने सभी समर्थकों के साथ 13 मार्च को दोपहर दो बजे जंतर मंतर पर पहुंचने के निर्देश जारी किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन शर्मा ने हरियाणा से अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है।

# चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से मांगे सुझाव

**30 अप्रैल, 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव किए आमंत्रित**

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को एक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया।

संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में व वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबंधक सुश्री तनुजा प्रसाद की अध्यक्षता में अधिकारी क्लब आगरा कैंट में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, महिलाएं रेलवे के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। महिलाएं न केवल तकनीकी और परिचालन जिम्मेदारियों को संभाल सकती हैं, बल्कि नेतृत्व भी कर सकती हैं। उपस्थित सभी रेल कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में सामूहिक और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। आज इस कार्यक्रम के द्वारा नाटक के माध्यम से बलात्कार , बाल विवाह,शारीरिक शोषण, एसीड अटैक आदि मुद्दों पर जागरुकता फैलाई। ये केवल घटनाएँ नहीं हैं, बल्कि लाखों लोगों की ज़िंदगी से जुड़े सच हैं। इस अवसर पर परिचालन, वाणिज्य विभाग, सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग, टीआरडी (ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन) विभाग, इंजीनियरिंग विभाग, सी एंड डब्ल्यू (कोचिंग एवं वैगन), रेल सुरक्षा विभाग, कार्मिक, विद्युत,चिकित्सा विभाग से महिला कर्मचारी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबंधक सुश्री तनुजा प्रसाद व रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने महिला सशक्तिकरण को और अधिक बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# थानाध्यक्ष प्रीती चौधरी के नेतृत्व में पर्यटन पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 6 लपके दबोचे





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** सैलानियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर पर्यटन पुलिस की सजगता और बढ़ती जा रही है। थाना पर्यटन प्रभारी प्रीती चौधरी के नेतृत्व में लगातार कार्यवाहियों से ताज क्षेत्र लपकों से मुक्त हो रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को थानाध्यक्ष प्रीती चौधरी ने अपनी टीम के साथ पुरानी मंडी, पूर्वी प्रवेश द्वार, पश्चिमी पार्किंग से पर्यटकों को परेशान करने वाले, समान बेचने को लेकर भाग भाग कर पर्यटकों का पीछा करने वाले, नियमों के विरुद्ध पर्यटकों को ताजमहल भ्रमण कराने वाले 6 अवैध गाइड/लपके/ होकरों पर कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ़्तार कर लिया है। बताते चलें कि पर्यटन पुलिस पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है। अपनी समस्या लेकर थाना आने वाले प्रत्येक पर्यटक की समस्या का समाधान पर्यटन पुलिस के द्वारा तत्काल प्रभाव से किया जाता रहा है। पूर्वी प्रवेश द्वार से लेकर पुरानी मंडी तक पर्यटन प्रभारी प्रीती चौधरी अपनी टीम के साथ रोजाना राउंड पर रहती हैं, जिससे किसी भी पर्यटक को कोई भी समस्या का सामना ना करना पड़े। पर्यटन प्रभारी प्रीती चौधरी द्वारा पूर्वी प्रवेश द्वार पर देशी विदेशी पर्यटक घुमाने वाले गाइडों के लाइसेंस भी चैक किए गए।

# पुलिस के निशाने पर शोहदे: गर्ल्स कॉलेज के पास चलाया चेकिंग अभियान, बाइकों के काटे चालान

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** पुलिस ने थाना सदर क्षेत्र अंतर्गत गर्ल्स कालेज के पास चेकिंग अभियान चलाया। कालेज के आसपास चक्कर काट रहे बाइक सवार कई युवा पुलिस के हत्थे चढ़े। होली की आड़ में हुड़दंगई करने वाले और शोहदे निशाने पर रहे। इस दौरान बाइक के कागज पूरे न होने पर कुछ युवाओं की बाइक सीज की तो कुछ के चालान काटे। पुलिस चेकिंग देख बहुत से बाइक सवार दूर से ही किनारा कर गए।

### ये थी घटना

आगरा में हाल ही में एक स्कूल के पास एक समुदाय विशेष के चार युवाओं को पुलिस ने हिरासत में लिया था। ये स्कूल की छात्राओं के साथ बदसलूकी कर रहे थे। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर आगरा पुलिस ने वीडियो में दिख रहे चारों युवाओं को हिरासत में ले लिया था। इस घटना के बाद आगरा पुलिस गर्ल्स कॉलेज के आसपास सक्रिय हो गई है।

### निशाने पर आए शोहदे



होली की आड़ में छात्राओं से बदसलूकी करने वाले हुड़दंगों और शोहदों को पकड़ने के लिए सोमवार को थाना सदर पुलिस विक्टोरिया पार्क के एक कोने में खड़ी हो गई। देखा तो कुछ युवा यहां काफी देर से बाइक से चक्कर काट रहे थे। पुलिस ने इन्हें रोकर ऐसे कई युवाओं की बाइक के कागज चेक किए। इनमें से एक सवार दो युवा तो लगभग 10 किसी दूर सेवला से यहां घूम रहे थे। पुलिसकर्मियों ने उनसे गर्ल्स कालेज के आसपास घूमने का कारण पूछा तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने इन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया। बता दें कि विक्टोरिया पार्क के आसपास का क्षेत्र सुनसान रहता है। यहां पास में ही गर्ल्स कालेज है। यहां से छात्राएं गुजरती हैं। ऐसे में कर्ड बार शोहदे छात्राओं को परेशान करते हैं। इसको देखते हुए पुलिस ने यहां चेकिंग अभियान चलाया।

### एत्मादपुर की नहर्रा ग्राम सभा में निहित तालाबों को 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा आवंटन हेतु शिविर का आयोजन आज

**आगरा।** उप जिलाधिकारी, एत्मादपुर ने जनपद आगरा की तहसील एत्मादपुर क्षेत्रान्तर्गत मत्स्य पालकों/कृषको को अवगत कराया है कि तहसील एत्मादपुर में आने वाली नहर्रा ग्राम सभा में निहित तालाब/पोखरों को 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा आवंटन हेतु शिविर का आयोजन दिनांक 12 मार्च 2025 को तहसील एत्मादपुर के सभाकक्ष में दोपहर 02:00 बजे तक किया जायेगा। उन्होंने पात्र कृषक/मत्स्य पालक से आग्रह किया है कि उक्त शिविर में प्रतिभाग कर आवेदन कर सकते है। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि शासनादेशानुसार मछुआ समुदाय के व्यक्तियों को वरीयता दी जायेगी।

# महाना फातिहा और सालाना रोज़ा इफ्तार सरताज-ए-आगरा



**आगरा।** महाना फातिहा और सालाना रोज़ा इफ्तार दरगाह हज़रत सैयदना शाह अमीर अबुल उला रह. का अहतमाम दिनांक 10/03/2025, 9 रमजानुल मुबारक 1446 हि. बरोज़ पीर को किया गया। हज़रत के आस्ताने पर चादर पोशी गुल पोशी की गई और आम रोजा इफ्तार किया गया, जिसमें हज़रत किबला सैय्यद मोहतशिम अली अबुल उलाई 6सज्जादानशीन और मुतावल्ली (दरगाह सैयदना), जनरल सेक्रेटरी, आल इंडिया सूफी सज्जादा नशीन काउंसिल (AISSC) और चैप्टर हेड एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स (AMP)8 नायब सज्जादगान सैय्यद विरासत अली अबुल उलाई, सैय्यद ईशाअत अली अबुल उलाई और सैय्यद कैफ अली अबुल उलाई, सैय्यद अरीब अली, सैय्यद सलमान मज़हर, सैय्यद शहाब अली, सैय्यद अज़हर अली क़ादरी, सैय्यद सलीम उज़ ज़मा, सैय्यद फैज़ अली शाह क़ादरी नियाज़ी, आरिफ तैमूरी, मुहम्मद आमिल, मुहम्मद जावेद, सैय्यद शाहीन हाशमी, मुबीन मियां, इरशाद, नौशाद, आगरा के कई गणमान्य व्यक्तियों, सूफी हज़रात व जायरीनों ने शिरकत की और रोज़ा इफ्तार किया। मुल्क के लिए दुआए खैर की गई, आपसी भाईचारे की और मुल्क की तरक्की की दुआएं की गई ।

